

# गरीब परिवार अब दिल की बीमारियों को लेकर आर्थिक बोझ के तले दबे नहीं रहेंगे

## पूर्णिमा श्री सेवा संगठन की पहल, 1 फरवरी में लगेंगे नि:शुल्क हृदय जांच शिविर-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया था शुभारंभ

**उज्जैन। शहर के ऐसे मध्यम और गरीब परिवार अब अपनी दिल की बीमारियों को लेकर आर्थिक बोझ के तले दबे नहीं रहेंगे। नि:शुल्क जांच शिविर का लाभ लेकर वह अपना इलाज बेहतर स्तर पर कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिस जांच शिविर का शुभारंभ 25 जनवरी को उज्जैन में किया था इसका आयोजन 1 फरवरी से प्रारंभ होने जा रहा है।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी परिकल्पना है कि प्रदेश में कोई भी व्यक्ति हृदय रोग से पीड़ित न रहे और किसी को स्वास्थ्य संबंधी शंका भी हो, बीपी, शुगर असंतुलन, सीने में दर्द या हार्ट अटेक की संभावना, तो उसे समय रहते नि:शुल्क, गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद जांच व इलाज मिले। नवभारत से चर्चा में श्री पूर्णिमा



सेवा संस्थान के संचालक सत्यनारायण खोईवाल ने बताया सीएम डॉ. यादव की इसी मंशा को धरातल पर उतारने के लिए एक व्यापक नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान की शुरुआत हो रही है। इसी भाव के साथ इस अभियान का नाम रखा गया है। दिल से कहो अपने मोहन जी हैं न। यह योजना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील सोच और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सजीव उदाहरण है। इस योजना का शुभारंभ 25 जनवरी को महाकाल की नगरी उज्जैन में स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

**कब कहां लगेंगे शिविर**-1 फरवरी शास्त्री नगर 2 फरवरी राजीव नगर, प्रकाश नगर, कंचनपुरा, 3 फरवरी मित्र नगर, अभिषेक नगर, 4 फरवरी नेहरू नगर 5 फरवरी छत्री चौक 6 फरवरी , खिलचीपुर, मंगल कॉलोनी 7 फरवरी जुना सोमवरिया, दमदमा, विधायक नगर-पंवासा।

### सिंहस्थ के पहले स्वस्थ हो जाएं

आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए, जब उज्जैन में लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं और अतिथियों का आगमन होगा, तब शहर की सेहत, प्रसन्नता और ऊर्जा सर्वोपरि होगी। उद्देश्य है कि उज्जैनवासी स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें। बाबा महाकाल की आराधना करें, शिप्रा स्नान करें, कर्म-धर्म में रत रहें-और इस पूरे सफर में राज्य सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहे। यह अभियान शासकीय मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित होगा। देश-प्रदेश के नामी अस्पतालों से आए विशेषज्ञ डॉक्टर, अनुभवी, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ आधुनिक तकनीक के साथ सेवाएं देंगे।

### जांच, इलाज और भरोसा सब नि :शुल्क

शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की नि :शुल्क जांच की जाएगी। यदि जांच में इलाज की आवश्यकता सामने आती है, तो प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के श्रेष्ठ अस्पतालों में सरकारी खर्च पर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि मरीज के परिजनों पर कोई आर्थिक बोझ न पड़े। आयोजकों ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपनी कोई भी स्वास्थ्य समस्या न छुपाएं। खुलकर अपनी परेशानी बताएं, ताकि समय रहते बेहतर और सही इलाज मिल सके।यह अभियान सिर्फ एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि जनता के दिलों तक पहुंचने वाली संवेदना है,जहां भरोसा है कि दिल से कहो अपने मोहन जी हैं न।

# दलालों के साथ हिरासत में लुटेरी दुल्हन



## 10 दिन पहले मंदिर में रचाई शादी के बाद रात में चकमा देकर भागी

**उज्जैन। 10 दिन पहले मंदिर में रचाई गई शादी के बाद रात में दूल्हे को चकमा देकर लुटेरी दुल्हन भाग रही थी। जिसे पकड़ा गया तो दो दलाल भी पुलिस की हिरासत में आ गए। लुटेरी दुल्हन का एक साथी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।**

भाटपचलाना थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम मसवड़िया में रहने वाले दिलीप पिता रणछोड़ 30 वर्ष का विवाह नहीं हो पा रहा था। जिसके चलते उसने रिश्तेदारों से लड़की दिखाने की चर्चा की थी। इस दौरान ग्राम सरवाना खाचरोद में रहने वाले मुकेश जो दिलीप का जीजा लगता है उसने पायल नाम की युवती से रिश्ता करने की बात कही जो वर्तमान में भोपाल की निवासी होकर जबलपुर की रहने वाली है। दिलीप और उसके परिवार ने लड़की देखी। लेकिन गरीब परिवार की बताकर 1.40 लाख रुपए देने के लिए कहा गया। दिलीप का परिवार ने 90 हजार रुपए देकर शादी करने की तैयारी शुरू कर दी और शेष राशि बाद में देने को कहा। 19 जनवरी को ग्राम गजनी खेड़ा चामुंडा माता मंदिर में दिलीप और पायल की शादी कराई गई। 10 दिन तक दुल्हन दिलीप के साथ रही। लेकिन रात में चकमा देकर भाग निकली। दुल्हन के भागने की शिकायत पुलिस से की गई। मामला लुटेरी दुल्हन का होने पर पुलिस ने तत्काल तलाश शुरू की और पायल को खोज निकाला। जिसे हिरासत में लेकर उसके गिरोह में शामिल मुकेश को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य साथी जुनैद उर्फ अमन निवासी राजस्थान को भोपाल से गिरफ्तार कर लाया गया। थाना प्रभारी सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि लुटेरी दुल्हन गिरोह का एक सदस्य लाखन फरार है जिसकी तलाश जारी है। हिरासत में आई लुटेरी दुल्हन और उसके दो दलालों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

## बैलून बेचने वाली बालिका को ई-स्कूटी सवारों ने कुचला

**उज्जैन।** बैलून बेचने वाली बालिका को ई-स्कूटी सवारो ने कुचल दिया। बालिका की बहन ने उन्हें रोक लिया और अस्पताल लेकर चलने की बात कही। स्कूटी सवार अस्पताल तक लेकर पहुंचे लेकिन गेट पर ही छोड़कर भाग निकले। घट्टिया तहसील के ग्राम ढाबला रेहवारी में रहने वाली सोना पिता राजेश 9 साल अपनी बहन नंदिनी और परिवार के साथ फ्रीगंज क्षेत्र में टावर चौपाटी और शिव मंदिर के आसपास बैलून बेचने का काम करती है। गुरुवार देर शाम वह शिव मंदिर के यहां बैलून बेच रही थी उसी दौरान ई-स्कूटी पर सवार पर तीन युवक तेज गति से आए और सोना को कुचल दिया। बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई लोगों ने स्कूटी सवार युवकों को रोक लिया। बहन नंदिनी भी पास में ही बैलून बेच रही थी, उसने युवकों से अस्पताल लेकर चलने को कहा, युवक चरक अस्पताल तक लेकर पहुंचे लेकिन घायल बालिका को गेट पर ही छोड़कर भाग निकले। बालिका के पैर में फैक्चर हुआ है जिसे डॉक्टर ने उपचार के लिए भर्ती किया। वहीं मामले की शिकायत माधव नगर थाना पुलिस से की गई है। पुलिस स्कूटी सवार युवकों की तलाश कर रही है जो नाबालिग होना बताई जा रहे हैं।

# चकरावदा टोल के पास लूटपाट करने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

## चाकू की नोक पर लूट थे 2 व्यक्तियों से 68 हजार और मोबाइल

**उज्जैन।** दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने 27 जनवरी की रात चाकू की नोक पर दो व्यक्तियों से लूटपाट को अंजाम देते हुए 68 हजार छीन लिए थे और मोबाइल भी झपट कर भाग निकले थे। पुलिस ने बदमाशों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि चकरावदा टोल के आगे हुई 27 जनवरी की रात दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने चाकू की नोक पर चंदू खेड़ी स्थित रेस्टोरेंट में काम करने वाले रामेश्वर राठौर निवासी ग्राम तेली खेड़ा को लूट लिया था। बदमाशों ने



रामेश्वर से 16 हजार 800 रुपए और मोबाइल छीन लिया था। कुछ देर बाद ही बदमाशों ने अजय पिता शंकरलाल प्रजापत, निवासी ग्राम झिरनिया का बैग झपटमारी कर छीन लिया जिसमें 50 हजार नगद, मोबाइल फोन तथा अन्य कागजात रखे थे। दोनों के साथ हुई वारदात की शिकायत थाने पहुंची थी। इस दौरान एक बाइक का नंबर एमपी 13 डी एन 9866 सामने आया। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखें। जिसमें बदमाशी उज्जैन की ओर भागना सामने आये। बाइक नंबर और फुटेज के आधार पर 24 घंटे में पुलिस ने आकाश पिता शंकर परमार 21 वर्ष, निवासी चारधाम रोड, जयसिंहपुरा, प्रवीण उर्फ चीनू माली पिता हुकुम माली, 19 वर्ष, निवासी ग्राम भण्डारिया खाल, भैरवगढ़, योगराज उर्फ युवराज जाटवा पिता विक्रम जाटवा 19 वर्ष, निवासी गौंसा और मजहर उर्फ गोलू पिता अनीश अंसारी निवासी मदीना कॉलोनी, जूना सोमवारिया उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी निशानदेही पर लूट में प्रयुक्त दो बाइक और चाकू बरामद किया गया है। चारों बदमाशों से मोबाइल और बैंक की पासबुक भी जब्त की गई है। लूट की राशि बरामद नहीं होने पर शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी आरएस शक्तावत के अनुसार बदमाशों से जल्द ही लूट की राशि भी बरामद कर ली जाएगी। चारों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने में उप निरीक्षक महेंद्रपाल सेंधव, शोभाराम किरार, सहायक उपनिरीक्षक कैलाश चौहान , प्रधान आरक्षक योगेंद्र मालवीय, आरक्षक नरेंद्र मकवाना की भूमिका रही है।

### पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार

उज्जैन। देवासगेट बस स्टैंड परिसर में 49 दिन पहले जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगाने वाली महिला के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया है। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। देवासगेट थाना एसआई राधेश्याम आवंलिया ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को देवासगेट बस स्टैंड परिसर में कोमल पति मुकेश पारदी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया और जांच शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि कोमल अपने पति और तीन बच्चों के साथ नजरअली मिल कम्पाउंड में बनी झोपड़ी में रहती थी। उसका विवाह 15 साल पहले देपालपुर के ग्राम खड़ी में रहने वाले मुकेश से हुआ था। मुकेश शराब पीने का आदी था और आये दिन पत्नी कोमल को रुपयों के लिये प्रताड़ित करता था। उसके द्वारा मारपीट की जाती थी। जिसके चलते कोमल काफी प्रताड़ित हो गई थी। जांच के बाद पति के खिलाफ प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिये प्रेरित करने का मामला दर्ज किया गया। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास करने पर वह फरार होना सामने आया था। उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। गुरुवार सुबह पता चला कि मुकेश पारदी इंदौरगेट क्षेत्र में घूम रहा है। तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिये घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया गया। पत्नी की मौत के बाद से वह अलग-अलग शहर के पारदी डेरों में रह रहा था। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

## युवक पर तीन बदमाशों ने किया चाकू पत्थर से हमला

**उज्जैन।** दिन में रास्ता रोक बदमाश द्वारा की गई गाली गलौज की शिकायत युवक ने भाई से की। रात में भाई गाली गलौज करने वाले बदमाश को समझाने पहुंचा, बदमाश ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चाकू और पत्थर से हमला कर दिया। जबरन कॉलोनी में रहने वाला विजय पिता सीताराम सूर्यवंशी तंदूर भट्टी का काम करता है। गुरुवार दोपहर वह इमलीपुरा से गुजर रहा था। इस दौरान बदमाश ने उसे रोका और गाली गलौज कर क्षेत्र में नहीं आने की धमकी दी। विजय घर लौट आया और शाम को भाई अजय से घटना को लेकर चर्चा की। दोनों भाई इमलीपुरा पहुंचे और धमकी देने वाले बदमाश शंका को तलाश कर उसे समझाने की कोशिश करने लगे। तभी बदमाश ने अपने दो साथी दीपक और गोलू को भी बुला लिया तीनों ने मिलकर ईंट और चाकू से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। चाकू लगने पर विजय घायल हुआ है वहीं भाई अजय को पत्थर बाजी में चोट लगी है। विजय को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं अजय का प्राथमिक उपचार किया गया। मामले में पुलिस ने दोनों भाइयों के बयान दर्ज कर हमला करने वाले तीनों बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किया है।

## एक नजर में

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**उज्जैन।** शालिग्राम तोमर उमावि दौलतगंज में प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डॉ. संदीप नाडकर्णी थे। अध्यक्षता प्राचार्य राजेंद्र पुरोहित ने की। समारोह में छात्राओं ने नृत्य नाटिका एवं छात्रों द्वारा शुभम सत्यप्रेमी के निर्देशन में गीत नाटिका प्रस्तुत की गई। पहली कक्षा के एक बच्चे और खुशी ने मलखंभ का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। प्राचार्य पुरोहित ने अपने अभिनव विद्यालय जो जिले ही नहीं संभाग में अनूठा है के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल में 100 कंप्यूटरों की लैब है जहां अध्ययन के साथ ही डिजिटल मूल्यांकन भी किया जाता है। हायर सेकंडरी में एआई कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नियमित कक्षाएं लगती हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. नाडकर्णी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास में प्राचार्य, स्टाफ और विद्यार्थियों के अभिनव प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि जोशी जो 50 साल पहले इसी विद्यालय के छात्र रहे। अतिथियों द्वारा खेलो एमपी में मलखंभ प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल विजेता खुशी जायसवाल, लाठी प्रतियोगिता में सिल्वर जीतने वाली लक्ष्मी प्रजापत, कालिदास समारोह में 5000/ से पुरस्कृत राहिन खान तथा शासन से लैपटॉप एवं स्कूटी प्राप्त करने वाले सहित सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. मनीषा राठौड़ एवं साक्षी भवालकर ने और कृतज्ञता ज्ञापन अनीता सोलंकी ने किया। इस अवसर पर स्वीटी शर्मा, ममता शर्मा, हेमा चंदन, पल्लवी मैवाल, सीमा ओरा सहित बाकी स्टाफ और सैकड़ों विद्यार्थी अनुशासित रूप से उपस्थित रहे।

### कुष्ठ के विरुद्ध आखिरी युद्ध : एम आर मंसूरी

**उज्जैन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के दिशा निर्देश पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र सिंह अजनार व सीएचसी इंगोरिया प्रभारी डॉ. शिप्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एवं शिवानी भारती, साकेत सवालाखे, एंबुलेंस पायलट नरेंद्र परमार, नवीन विश्वकर्मा, शेखर डागर, बंटी डागर आदि की उपस्थिति में किया गया। डॉ. क्षिप्र श्रीवास्तव द्वारा संकल्प पत्र का वाचन कर कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी। अपील का वाचन विजय गोलघाटे ने किया। हेल्थ सुपरवाईजर नारायण शर्मा द्वारा एमसीआर पदरक्षक कुष्ठ रोगी को प्रदान किए गए। एनएमए एम आर मंसूरी ने बताया कुष्ठ के विरुद्ध आखिरी युद्ध है। कुष्ठ रोग पाप या दैवीय प्रकोप नहीं है। शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में इसका उपचार निशुल्क उपलब्ध है। इसका इलाज असंक्रमांक बीमारी में 6 माह एवं संक्रामक बीमारी में 12 माह का उपचार है।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी पुष्पांजलि

**उज्जैन।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78वें बलिदान दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के सचिव मनोज कुमार भाटी ने बताया कि शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी वीरों को जिला विधिक सहायता प्राधिकरण उज्जैन एवं सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अभिषेक सिसोदिया, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, आजम खान, सैयद उस्मान हसन, जगन्नाथ अष्टकर, शाकिर शेख, सैयद अबीद अली मीर, जीवन शर्मा, डॉ. तेज कुमार मालवीय, नासिर मंसूरी, सोनू सिंह आनंद, जाहिद नूर एडवोकेट, अनवर नागोरी, इकबाल उस्मानी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण किया। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

### भारत पर्व पर मालवीय ने दी प्रस्तुति




**उज्जैन।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदसौर में आयोजित देश के प्रतिष्ठा आयोजन भारत पर्व में उज्जैन के कबीर मालवीय द्वारा प्रस्तुति दी गई। भारत पर्व में मुख्य कलाकार कबीर मालवीय के साथ सह गायन सुन्दर लाल मालवीय, रागिनी चोहान, मास्टर विरांश चोहान, यशस्विनी निगम का रहा। ढोलक पर संगत सूरज चकरावदिया तथा नगाड़ी पर मनोज घुड़ावद ने संगत की। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भारत पर्व में कबीर मालवीय ने बांकी बांकी सूंड से आया हो गजानंद, शत शत नमन भारत भूमि को, तुम्हीं देश के रखवाले हो, भारत का हिरदा में बसियो है प्यारो म्हारो मालवो, जैसे गीत मंच से सुनाए।

## कुश्ती एवं मलखंभ स्पर्धा आयोजित की

**उज्जैन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स के तहत 28 से 31 जनवरी तक जिले में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन राजमाता सिंधिया स्टेडियम, नानाखेड़ा पर एवं मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन लोक मान्य तिलक स्कूल पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 29 जनवरी को कुश्ती एवं मलखंभ खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सचिव जिला कुश्ती संघ सुरेन्द्र यादव, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ओपी हरोड़, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, मंदसौर विजेन्द्र देवड़ा, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, शाजापुर रवींद्र हार्डिया, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, रतलाम रूचि शर्मा द्वारा विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को मेडल वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने उद्बोधन में कहा कि प्रतियोगिता में आए सभी खिलाड़ियों, निर्णायक, कोच आदि के लिए खेल विभाग द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय : सेक्टर स्तरीय सम्मेलन संपन्न

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया के सेक्टर एवं ग्राम बिछड़ोद में सेक्टर स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक जय दीक्षित ने अभियान की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मुकेश चांदना का पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने, 17 वर्षों से देश की सेवा करने वाले भूतपूर्व सैनिक सरदार सिंह चौहान 32 वर्षों से निरंतर आंगनवाड़ी में कार्य कर रही मधुकांता बैरागी, गांव के मंदिर में प्रतिदिन तबला वादन करने वाले वादक भगीरथ, गांव में पिछले 2 वर्षों से निरंतर प्रभात फेरी निकालने वाले मोहन लाल मिस्त्री, शिव नारायण वर्मा एवं आयुष विभाग की रानी रायपुरिया का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अभियान अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ईश्वर शर्मा, नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सुरेश चंद्र द्विवेदी, कार्यक्रम समन्वयक ऋतु सोलंकी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष निलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पिपरियाराघो में चिकित्सा शिविर

**उज्जैन।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर करोहन के द्वारा ग्राम पिपलियाराघो के शासकीय एकीकृत विद्यालय में नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र जैन ने उपस्थित जनों को शहीद दिवस मनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि महात्मा गांधी का बलिदान केवल उन्हें श्रद्धांजलि देना नहीं है। बल्कि साथ साथ सभी वीरों को याद करना है, जिन्होंने देश की आजादी एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। आयुर्वेद में अहिंसा को प्राणियों के प्राण वर्धन में श्रेष्ठ कारण माना है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर चलते हुए देश को स्वतंत्रता दिलाई। वर्तमान के डिजिटल दौर में यह दिन सिखाता है कि हम सभी ईमानदारी और संविधान के प्रति सम्मान रखते हुए जिम्मेदार नागरिक बनें। शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित चिकित्सा शिविर में 82 रोगियों का परीक्षण कर निशुल्क आयुर्वेद औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. जितेंद्र जैन, डॉ. इरफान खान ने रोगियों का परीक्षण किया। शिविर का शुभारंभ सरपंच शिव पाटीदार ने किया। इस अवसर पर वंदना शर्मा, संगीता सरिया आदि उपस्थित रहे।

**महाशिवरात्रि पर्व** 15 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी, देशभर से उमड़ेंगे श्रद्धालु

# महाकाल मंदिर में 6 फरवरी से शिव नवरात्रि, समिति ने की पर्व की तैयारियां शुरू

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में 6 फरवरी से शिव नवरात्रि शुरू होगी। मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का मुख्य पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। बता दें कि मंदिर में शिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। शिव नवरात्रि में प्रतिदिन गर्भगृह में सुबह के समय 11 ब्राह्मणों के द्वारा अभिषेक-पूजन किया जाएगा तो शाम के समय राजाधिराज महाकाल भक्तों को नए रूप में सजकर दर्शन देंगे। पहले दिन भगवान को हल्दी लगाकर दूल्हा बनाया जाएगा। 15 को महाशिवरात्रि होगी व इसके अगले दिन 16 को सुबह सेहरा दर्शन होंगे व दिन में भस्मारती की जाएगी।

### गर्भगृह में चांदी की सफाई होगी



महाशिवरात्रि पर्व के लिए मंदिर के गर्भगृह में चांदी की सफाई का कार्य 1 फरवरी से शुरू हो जाएगा। वहीं कोटितीर्थ कुंड की भी सफाई की जाएगी। इसके लिए अभी कुंड के पानी को खाली किया जा रहा है। साथ ही शिखर आदि की रंगाई-पुताई का काम भी जारी है। चांदी की सफाई का काम हमेशा की तरह इस बार भी दिल्ली के सुशील शर्मा व उनकी टीम करेगी। शर्मा वर्ष 2017 से मंदिर में चांदी सफाई का कार्य नि :शुल्क करते आ रहे हैं। महाशिवरात्रि के अलावा वे श्रावण मास एवं दीपावली के समय भी दिल्ली से ही यहां सफाई करने आते हैं। 4 फरवरी तक वे सफाई का काम पूरा कर देंगे। शिव नवरात्रि के लिए महाकाल चांदी के विभिन्न मुखौटों को भी तैयार किया जा रहा है।

### रेल मंत्री सोमन्ना ने और यूपी के मंत्री भी पहुंचे



केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना शुक्रवार को उज्जैन आए। वे महाकाल की भस्मारती में अल सुबह शामिल हुए। उन्होंने पूरी आरती देखी। इसके बाद गर्भगृह के बाहर से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री केपी मलिक भी परिवार के साथ भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने भी नंदी हॉल में बैठकर आरती देखी। आरती के बाद पुजारी के माध्यम से भगवान को जल अर्पित किया। मंदिर समिति ने दोनों मंत्रियों का सम्मान किया।

## आज मनेगा तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में यूं तो प्रतिदिन कुछ न कुछ व्रत त्योहारों का आयोजन होता ही रहता है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तेजाजी महाराज का जन्मोत्सव आज 31 जनवरी को धूमधाम से चैतन्य वीर तेजाजी मंदिर नीलगंगा रोड पर मनाया जाएगा। वीर तेजाजी भजन मंडल के संयोजक मुरलीधर सोनी ने बताया कि आयोजन का यह 8वां वर्ष है। इस वर्ष भी तेजाजी महाराज के जन्मोत्सव पर भव्य आरती कर प्रसाद वितरण किया जावेगा। सेवक मुरलीधर सोनी, भजन मंडल के सदस्यगण मनीष सोनी, मनोज सोनी, सतीश परिहार, महेंद्र परिहार, शारदा सोनी, हेमा शर्मा, रेखा राजपूत आदि सभी ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तेजाजी महाराज का दर्शन लाभ, आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया हैं।